>

Title: Development of tourism in Kalibanga and other places in Ganganagar Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): धन्यवाद सभापति महोदय, हमारा देश विविधताओं का देश है । हमारा भारत देश इतिहास और संस्कृति के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है । दुनिया के सभी पर्यटक हमारे देश में पर्यटन के लिए आते हैं । राजस्थान प्रदेश में आज भी बहुत से स्मारक और पर्यटन स्थल संरक्षण का इंतजार कर रहे हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में कालीबंगा एक प्राचीन सभ्यता है, जो हिन्दुस्तान की सबसे पुरानी सभ्यता है । करीब 8000 साल पुरानी इस कालीबंगा में मोहनजोदड़ो की सभ्यता है, जो आज तक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं हो पायी है । मैं केंद्र सरकार से मांग करूंगा कि कालीबंगा के पर्यटन स्थल को और ज्यादा विकसित किया जाए । इसके अलावा वहां पर ब्रह्माणी पल्लू माता का मंदिर है । पर्यटन की दृष्टि से वहां पर काफी लोगों का आना-जाना होता है ।

हमें सेना के शौर्य व पराक्रम पर बहुत गर्व है । मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्र हिन्दुमलकोट जो पाकिस्तान की सीमा पर स्थित है, आजादी से पहले वहां पर ट्रेनें आया-जाया करती थीं । वहां पर पर्यटन की दृष्टि से बहुत बड़ा एक पर्यटक स्थल बनाया जा सकता है । वहां एक नदी में 28 दिसम्बर, 1971 को हमारे 27 जवान शहीद हो गए थे । वहां 28 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष शहीदी दिवस मनाया जाता है । मैं केंद्र सरकार से मांग करूंगा कि वहां पर एक पर्यटक स्थल बनाया जाए । मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के चारों स्थानों पर पर्यटन की दृष्टि से पर्यटक स्थल बनाया जाए, ताकि वहां पर ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आएं, जिससे राजस्थान प्रदेश को लाभ मिल सके । बहुत-बहुत धन्यवाद । जय हिन्द, जय भारत ।